# बख्तियारपुर में गंगा की पुरानी धारा को फिर से लाने का काम तय समय में हो



बख्तियारपुर में गंगा की पुरानी धार के पुनर्स्थापन कार्य का निरीक्षण करते मंत्री संजय झा.

## बोले संजय झा

संवाददाता ▷ पटना

जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने शनिवार को बख्तियारपुर प्रखंड में घोसवरी ग्राम, जेएमटी स्कूल के पास, सीढ़ी घाट सहित कई स्थानों पर गंगा नदी की पुरानी धार को फिर से लाने के काम स्थल निरीक्षण किया. उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ कार्य की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की. साथ ही इसे निर्धारित समय-सीमा में एवं गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए जरूरी निर्देश दिये. दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 दिसंबर, 2021 को स्थल निरीक्षण के क्रम में बख्तियारपुर में गंगा नदी की मृतप्राय: पुरानी धार को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिये थे. जल संसाधन विभाग पटना जिला अंतर्गत बख्तियारपुर और अथमलगोला प्रखंड के गांवों घोसवरी, चंपापुर घाट, रवाइच ठाकुरबाड़ी, सीढ़ी घाट, जहाज घाट मुक्तिधाम से रामनगर दियारा तक गंगा नदी की मृतप्राय: पुरानी धार को पुनर्जीवित एवं पुनर्स्थापित करा रहा है.

उल्लेखनीय है कि पुरानी धार के मृतप्राय: हो जाने के कारण वर्तमान में गंगा नदी बख्तियारपुर शहर के किनारे से लगभग 3.8 किलोमीटर दूर बहती है. पटना के अलावा नालंदा और नवादा जिले की बड़ी आबादी भी गंगा स्नान तथा अन्य धार्मिक कार्य के लिए बख्तियारपुर आती है.

## बेन में सिंचाई चैनल निर्माण और पइन की उड़ाही का किया शुभारंभ

सूचना एवं जनसंपर्क सह जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने शनिवार को नालंदा जिले के बेन प्रखंड में बेन करवला से बेन बाजार तक आरसीसी सिंचाई चैनल के निर्माण और रन्नु बिगहा पइन एवं बेन पइन उड़ाही का शुभारंभ किया. योजना से करीब 600 हेक्टेयर क्षेत्र मे अतिरिक्त सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे बेन प्रखंड के कई गांवों के किसानों लाभान्वित होंगे. उन्होंने कहा कि बिहार मे हर खेत तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निश्चय के अनुरूप जल संसाधन विभाग तत्परता से काम कर रहा है. आज जिन योजनाओं का शुभारंभ किया गया है, उसे तीन महीने मे पूरा कर लिया जायेगा. इस कार्य से बेन, रन्नु बिगहा, कोसनारा, जफरा, बभनियावां आदि गांवों मे सिंचाई सुनिश्चित होगी. उल्लेखनीय है कि पैमार नालंदा जिले की प्रमुख नदियों में से एक है, जो जिले के इस्लामपुर, बेन और सिलाव प्रखंड से गुजरती है. बेन प्रखंड के छकौरी बिगहा मे इस नदी से एक उपधारा निकली है, जिसे उल्टाहवा पैमार के नाम से जाना जाता है.